## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत पर दिया जोर।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से दुष्कर्म के मामलों से निपटने के लिए त्वरित विशेष न्यायालय की स्थापना पर दिया जोर।
3. राज्य में उत्पाद सिपाही की भर्ती दौड़ परीक्षा में पिछले दो दिनों में छह अभ्यर्थियों की मौत, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा– कुव्यवस्था के कारण अभ्यर्थियों की जा रही है जान।
4. यूपीएससी की सीडीएस और एनडीए की परीक्षा आज, राजधानी रांची में बनाये गये हैं चौबीस परीक्षा केंद्र।
5. हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष इंटर जोन चैंपियनशिप की आज रांची में होगी शुरुआत, छह टीमें होंगी शामिल।

***************

प्रधानमंत्री ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। श्री मोदी ने नई दिल्ली में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितना जल्दी निर्णय लिया जाएगा उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्ष, भारतीय संविधान और इसके संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में न्याय मिलने में देरी को दूर करने के लिए कई स्तरों पर काम किए गए हैं।

***************

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे एक पत्र में दुष्कर्म और पोक्सो मामलों से निपटने के लिए एक बार फिर त्वरित विशेष न्यायालय की स्थापना और इनके संचालन में तेजी लाने को कहा है। केन्द्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल में मौजूदा त्वरित न्यायालयों में लम्बित मुकदमों पर चिन्ता व्यक्त की है। केंद्रीय मंत्री ने महिला सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के खिलाफ महिलायें शी–बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक नेता लोबिन हेम्ब्रम भाजपा में शामिल हो गए हैं। श्री हेम्ब्रम बोरियो विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक हैं। उन्होंने कहा कि वह आदिवासी पहचान और अस्तित्व को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं।

***************

केंद्र सरकार की ओर से संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है। और जानकारी के साथ हमारे रांची संवाददाता–

***************

झारखंड में उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए राज्य के विभिन्न केंद्रों पर चल रही दौड़ के क्रम में दो दिनों के भीतर छह अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक सप्ताह के भीतर ऐसे आठ लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं। राज्य में इस नियुक्ति के लिए एक सप्ताह से चल रही शारीरिक जांच परीक्षा में एक सौ से अधिक अभ्यर्थी बेहोश होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं, जिनमें दर्जनों अभ्यर्थियों का अलग अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दौड़ के समय सबसे ज्यादा अभ्यर्थियों की मौत और बेहोशी के मामले पलामू से सामने आए हैं, जहां दो दिनों में चार लोगों की मौत हो चुकी है और 80 से ज्यादा अभ्यर्थी इलाजरत हैं। पलामू के अलावा

हजारीबाग में दो तथा गिरिडीह और जादूगोड़ा में एक–एक अभ्यर्थी की दौड़ के क्रम में दम फूलने से जान गई है।

***************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही अभ्यर्थियों की मौत पर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए सिर्फ 15 दिन का समय मिला। श्रीमरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की कुव्यवस्था के कारण आधा दर्जन से अधिक बेरोजगार युवकों की जान चली गई।

***************

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी की ओर से आज सम्मिलित रक्षा सेवा–सीडीएस तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी–नौसेना अकादमी –एनडीए–एनए परीक्षा का आयोजन देशभर में किया जा रहा है। इसे लेकर राजधानी रांची में कुल 24 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इनमें सीडीएस के लिए सात और एनडीए–एनए के लिए सत्रह परीक्षा केंद्र रांची में बनाए गए हैं।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के 18 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है उनमें रांची के अलावा पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और चतरा भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने आज तक मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जतायी है।

***************

पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष इंटर जोन चैंपियनशिप की आज राजधानी रांची में शुरुआत होगी। इस प्रतियोगिता में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। हॉकी इंडिया और हॉकी झारखंड की ओर से आयोजित यह प्रतियोगिता सात सितंबर तक रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जायेगी।

***************

पेरिस पैरालंपिक खेलों में निशानेबाजी में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच–1 में रूबिना फ्रांसिस ने कांस्य पदक जीता। मध्य प्रदेश की 25 वर्षीय निशानेबाज फाइनल में 211 दशमलव एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित पांच पदक जीते हैं।

***************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र स्थित बूढ़ापहाड़ से सीआरपीएफ की टीम ने तीन किलो का एक आईईडी बम बरामद किया है।
- लातेहार जिले की बालूमाथ थाना की पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक सौ गैलन कच्चे शराब की स्प्रिट की खेप को पकड़ा है, जिसकी कीमत लगभग बीस लाख रुपये है।
- रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने गोला प्रखंड में 74 लाख रुपए की अवैध निकासी और 44 लाभुकों को चेक वितरण नही करने के मामले में तत्कालीन नजीर की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश दिया है।
- लोहरदगा जिले की पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है।
- आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों में 9 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया।

***************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने लोबिन हेम्ब्रम के भाजपा में शामिल होने और उत्पाद सिपाही बहाली में अभ्यर्थियों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है– भाजपा में शामिल हुए लोबिन हेम्ब्रम, बोले शिबू सोरेन के समय का झामुमो नहीं रहा।
हिन्दुस्तान के शब्द हैं– नौकरी की दौड़ में दस दिन में थमी आठ युवकों की सांसे।
दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने और महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित न्याय की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– महिला सुरक्षा के लिए देश में कई कठोर कानून मौजूद।
अंग्रेजी हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है–महिलाओं के खिलाफ अपराध में त्वरित न्याय की है जरूरत।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

********समाप्त*********